सार-समाचार

संगीत व स्थानीय कलाकार सरकारी योजनाओं का सशक्त माध्यम

ब्यावर (निसं) सनातन धर्म महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा और विभागाध्यक्ष संगीत (कंठ) डॉ. दुष्यंत त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए मास कम्युनिकेशन अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने बताया कि संगीत विभाग अब ब्यावर जिले की पहचान बन चुका है। यहाँ कश्मीर से लेकर काशगंज (उत्तरप्रदेश) तक से विद्यार्थी शिक्षा ठाहण करने आ रहे हैं। यहां तक कि एक विद्यार्थी ने मेडिकल शिक्षा को छोडकर भी इस विभाग को चुना है। विभाग को आने वाले समय में और अत्यधिक आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. दुष्यंत त्रिपाठी ने कहा कि- संगीत के विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार के इस नए युग से जोड़ना बेहद लाभकारी है। नई तकनीक के साथ संगीत और मीडिया का संयोजन विद्यार्थियों के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी गायकी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।जिले के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार के शिक्षा कार्यक्रमों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संगीत और स्थानीय कलाकार सदैव सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक संदेशों के प्रभावी माध्यम रहे हैं। आज आवश्यकता है कि इस विधा को और आगे बढ़ाया जाए, ताकि जनसामान्य तक बेहतर संदेश पहुँच सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगीत तथा संचार के नए आयामों को समझने का संकल्प लिया।

झड़वासा में हनुमान मेले की धूम, देर रात तक गूंजे जयकारे

नसीराबाद (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम झड़वासा कस्बे में हर वर्ष की तरह इस बार भी रविवार को संकट मोचन हनुमान मेला बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित हुआ। देर रात तक चले इस मेले में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी को ध्वजा, नारियल, धूप-दीप व प्रसाद अर्पित किए। वहीं पूरे बाजार को साज-सज्जा से सजाया गया, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की और चाट-पकौड़ी के स्वाद का लुत्फ उठाया। मेले में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान वीर हनुमान अखाड़ा पार्टी अरवड़ ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाकर खूब तालियां बटोरीं। खेलकूद की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निर्णायक कैलाश मेघवंशी और रामधन पंवार की देखरेख में पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता भी देर रात तक आयोजित हुई। प्रतियोगिता में देव दरबार डेयरी, झड़वासा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7100 रुपये का नकद पुरस्कार जीता, जबकि तेजा क्लब को द्वितीय स्थान पर आने पर 4100 रुपये नकद से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण प्रशासक भंवर सिंह गौड़ द्वारा किया गया। इस प्रकार पूरे दिन से लेकर रात तक श्रद्धा, मनोरंजन और खेलकूद से भरा हनुमान मेला ग्रामीण संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम बन गया।

उधिमता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

ब्यावर (निसं) एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर को ओर से सिलाई और फैशन डिजाइनिंग कोर्स का पूर्णकालिक 30 दिवसीय उधिमता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का सोमवार को उद्घाटन हुआ। सहायक निदेशक गिरीश कुमार ने अर्यमा सेवा समिति डिग्गी चौक पर महिलाओ के प्रशिक्षण की जानकारी दी। अध्यक्ष बलवंत भाटी ने कार्यक्रममें आये सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विजय लक्ष्मी ने बताया की एमएसएमई से लोकेश खोईवाल, ट्रेनर कामना शर्मा और कविता चौहान आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और संस्था अध्यक्ष बलवंत भाटी ने सभी का आभार प्रकट किया।

प्रथम लेवल का जिलाध्यक्ष बनाया गया

वैर भरतपुर (निस)। वैर ब्लाक के रा. उ. मा.वि. जहानपुर के अध्यापक योगेन्द्र शर्मा को राजस्थान प्राथमिक अध्यापक संघ प्रथम लेवल का जिलाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश कोर कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष विजय सुथार प्रदेश सचिन श्याम जांगु प्रदेश सभाध्यक्ष खेमराज मीणा व संभाग प्रभारी जितेन्द्र सिंह महमूदपुरिया ने कारौं नदबई निवासी योगेन्द्र शर्मा को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने प्राथमिक शिक्षा व शिक्षकों के समुन्नयन सहयोगी के रूप मे संगठनात्मक प्रशासनिक शैक्षिक वित्तीय व आन्दोलनात्मक प्रकार्यों को प्रमुखता से निभाने की जिम्मेदारी है जिलाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने उच्चाधिकारियों व सहयोगी समस्त जिले के शिक्षकों का सहृदय आभार व्यक्त किया है। जिले के शिक्षकों ने बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुएकार्यकारिणी विस्तार में पूर्ण सहयोग करने की कहा है।

ग्रामीण महिलाओं के लिए अभिविन्यास व सशक्तिकरण शिविर

अजमेर (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्राम दौलतखेड़ा, कड़ेल एवं खोरी में स्वयं सहायता समूहों की लगभग 90 महिलाओं की सहभागिता से एक दिवसीय अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और सामाजिक जीवन में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। शिविर में नेतृत्व क्षमता, कौशल विकास और सामुदायिक सहयोग से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। चर्चा सत्रों के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी राय रखी और सीखने की जिज्ञासा दिखाई। आयोजन को और अधिक प्रभावी व प्रेरणादायी बनाने हेतु विविध सामूहिक गतिविधियाँ करवाई गईं, जिनमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था प्रबंधन निर्देशक श्याम सुंदर बाथम और जितेंद्र मेघवंशी का पूर्ण योगदान रहा।

भव्य सुंदरकांड पाठ 4 अक्टूबर को

अजमेर (कासं)। भूकर चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 4 अक्टूबर को अहमदाबाद के पूज्य गुरूजी अश्विन पाठक का संगीतमय भव्य सुंदरकांड पाठ पंचशील बी ब्लॉक स्थित गोकुल ठीन अपाटमेंट अजमेर पर आयोजित होगा। सोमवार को बैठक स्वामी कॉम्पलेक्स चतुर्थ तल रसोई बैक्वेट में सुंदरकाण्ड पाठ की प्रचार सामठी का विमोचन हुआ, साथ ही समितियां का गठन किया गया तथा आसन के रजिस्ट्रेशन की पुस्तके वितरित की गई और मंदिरों में सम्पर्क कर सुन्दरकाण्ड की जानकारी कमेटियों द्वारा पहुंचाई जाएंगी। ट्रस्ट के प्रदीप चौधरी ने बताया कि सुन्दरकाण्ड का आयोजन हेतु संचालन कमेटी में कंवल प्रकाश, आनंद गोयल, किशन गुर्जर, सत्यनारायण भंसाली, लेखराज राठौर, अशोक अग्रवाल, हिमांशु गहलोत, शंकर सिंह राठौड़, महेंद्र कुमार तीर्थानी, मयंक दाधीच, अशोक बंसल को शामिल किया है तो वही प्रशासनिक व्यवस्था समिति राजेश आचार्य, मयंक दाधीच और गिरधारी गुर्जर, अशोक अठावाल और मीडिया व आसान बुकिंग व व्यवस्था समिति शंकर सिंह राठौड़, अलका शर्मा कैलाश अठावाल व केशव माधव परमार्थ मंडल एवं सोशल मीडिया प्रचार प्रसार महेंद्र कुमार तीर्थानी, विष्णु अवतार भार्गव आसन बुकिंग प्रकाश मीणा, पुनीत दाधीच, रमेश एच लालवानी आदि कमेटियों का गठन किया गया।

सरवाड़ उपखंड अधिकारी ने दिखाई तत्परता

सरवाड़(निसं)। शहर में स्थित गोविंद सागर तालाब की पाल टूटने की जानकारी मिलते ही सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर मौके पर पहुंचकर तत्परता से कार्य करते हुए विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेज कर टूटी हुई पाल को ठीक करने के लिए प्रशासन को लगा दिया वहीं प्रशासन ने समय रहते हुए पाल के लगे गुल्ले को ग्रामीणों एवं प्रशासन द्वारा मिलकर मिट्टी के कट्टे भरकर लगाए गए जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया उपखंड अधिकारी ने सिचाई विभाग को निर्देशित किया कि समस्त अत्यधिक भराव वाले तालाबों की निगरानी करते रहे एवं किसी प्रकार की आपदा आने पर तत्काल कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए।

फसल खराबी पर मुआवजा की मांग

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उपखण्ड क्षेत्र भुसावर सहित पथैना क्षेत्र की सरदारी ने वर्षा के कारण खरीफ फसल बर्बाद होने एव अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंच कर ज्ञापन दिया साथ ही फसल गिरदावरी करवाने एवं किसानों को मुआवजे की मांग की। जिस ज्ञापन में किसानों की सात दिन में गिरदावरी आदेश जारी किया जाना और मुआवजा दिया जाए की मांग की।

14 दिवसीय जयन्ती महोत्सव शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ होगा

■ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अमित बंसल ने बताया कि श्री अग्रसेन जी महाराज की 5149वीं जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाएगी

ब्यावर (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव, धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। 14 दिवसीय जयन्ती महोत्सव का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ होगा। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अमित बंसल ने बताया कि श्री अग्रसेन जी महाराज की 5149वीं जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जयंती का शुभारंभ श्री अग्रसेन जी महाराज का माल्यार्पण व ध्वजारोहण के साथ होगा।

जयन्ती सयोजक पवन रायपुरिया ने बताया कि जयंती महोत्सव में समाज के सभी वर्गो के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री अग्र भागवत कथा से प्रारम्भ होने वाले कार्यक्रम का समापन कल्चर नाईट से होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत कवि सम्मेलन, गरबा डांडिया रास, कल्चर नाईट नृत्य आदि होंगे। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रचार मंत्री संदेश चिंटू गर्ग ने बताया कि 10 सितम्बर को प्रातः श्री अठासेन भवन में श्री अठासेनजी महाराज का माल्यार्पण उद्घाटन एवं ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ होगा। प्रातः ही शिशु प्रदर्शनी का आयोजन और दोपहर 3 से 6 बजे तक श्री अठा भागवत् कथा का आयोजन बंशी भवन में तीन दिन तक किया जायेगा। इससे पूर्व नृसिंह मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी जो कथा स्थल बंशी भवन पहुंचेगी।13 को रक्तदान शिविरव शाम को सांस्कृतिक संध्या युवतियों व महिलाओं हेतु किया जायेगा। जिसमें एकल, समूह नृत्य, सास-बहू, देवरानी-जेठानी नृत्य की भी प्रस्तुति दी जायेगी। 14 सितम्बर को प्रातः 6 से 7 योग शिविरव अग्र फन फेयरहोगा। 15 सितम्बर को श्री श्याम अमृत वर्षा महोत्सव का आयोजन सांय 7 बजे से फतेहपुरिया बगीची में होगी। जिसमें शिवम् रावल इन्दौर व निशात मंगल व दीपांशु अठावाल भजन प्रस्तुत करेगें। 18 को गौ माता को हरा चारा व गुड की सेवा की जायेगी। 60 से अधिक उम्र की महिलाओं हेतु भजनों की अन्ताक्षरी, खेलकूद बालिकाओं व युवतियो हेतु। दोपहर 2 बजे से मेहंदी व नेल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कवि सम्मेलन का आयोजन 20 को होगा। जिसमें दिनेश बावरा, सुदीप भोला, साक्षी तिवारी, अभय निर्भीक व चेतन चर्चित कविता पाठ करेगें। हवन की बोली इसी दौरान लगाई जायेगी।

रेल कार्मिकों का विरोध प्रदर्शन 19 को

■ महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने भारत सरकार से आग्रह किया कि 8 वें वेतन आयोग की गजट नोटिफिकेशन जल्द जारी कर उसे लागू करे

अजमेर (कासं)। भारत सरकार की ओर से 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा के 8 माह बाद भी गजट नोटिफिकेशन जारी न किए जाने से देश के केन्द्रीय कर्मचारियों सहित सभी रेल कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसके विरोध में ऑल इंडिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के आह्वान पर देश भर में रेल कर्मचारी 19 सितम्बर को विरोध प्रदर्शन करेंगे नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन के मंडल सचिव मोहन चेलानी के अनुसार ऑल इंडिया रेलवेमैन्स फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने भारत सरकार से आग्रह किया कि 8 वें वेतन आयोग की गजट नोटिफिकेशन जल्द से जल्द जारी कर उसे लागू करे। साथ ही सरकार आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें जनवरी 2026 से लागू करने के लिए आश्वत करे, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने से 19 सितम्बर को देश भर में रेल कर्मचारियों की ओर से प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में अजमेर मंडल की सभी शाखाओं और स्टेशनों पर 19 सितम्बर को 8वें वेतन आयोग के शीघ्र गठन को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

आम सूचना

मेरी माता लादी पत्नि अरजन की मृत्यु दिनांक 8.7.2001 को मेरे निवास स्थान ग्राम सिंरोज में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिंरोज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता लादी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी- छोटू पुत्र अरजन, निवासी ग्राम सिंरोज, तहसील अराई, अजमेर।

डॉक्टर संजीव महेश्वरी राष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित

अजमेर (कासं)। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ आचार्य, मेडिसिन विभाग, डॉक्टर संजीव महेश्वरी फिजिशियन रिसर्च फाउंडेशन के राष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित किए गए। डॉक्टर संजीव महेश्वरी वर्तमान में इंडियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियन के वॉइस ड़ीन है तथा अब उन्हें फिजिशियन रिसर्च फाउंडेशन का राष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित किया गया है। इस संस्था के पूरे भारतवर्ष में 22 हजार से भी अधिक फिजिशियन सदस्य हैं तथा यह संस्था अपने सदस्यों में रिसर्च गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही इस संस्था द्वारा रेजिडेंट चिकित्सकों को भी रिसर्च गतिविधियों के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है।

प्रतिभा सम्मान समारोह

■ संस्था सचिव राधेश्याम कटारिया ने बताया कि संस्था के कोषाध्यक्ष सुगन चंद पवार ने प्राप्त समस्त राशि खर्च का विवरण समस्त विगत अनुसार मीटिंग में रखा

ब्याव, (निसं) सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज सेवा संस्था का द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह आभार धन्यवाद, आय - खर्च की मीटिंग बाबा रामदेव मंदिर शाहपुरा मोहल्ला संरक्षक नारायण मेहडा, अध्यक्ष गुरु शरण गोयल के सानिध्य में संपन्न हुई। संस्था सचिव राधेश्याम कटारिया ने बताया कि संस्था के कोषाध्यक्ष सुगन चंद पवार ने प्राप्त समस्त राशि खर्च का विवरण समस्त विगत अनुसार मीटिंग में रखा, जिसमें कुल प्राप्त राशि 2,23,266 तथा अभी इस सम्मेलन में श्री पोते शेष 74,546 श्री पोते शेष बताए। पूर्व प्रतिभा सम्मान समारोह की शेष राशि 91,425 सोमेश भाटी के पास रही । वर्तमान में समस्त श्री पोते शेष राशि 1,65,971 रही है। शेष समारोह में सहयोगी भामाशाह कार्यकर्ताओं का स्वागत भी साफा प्रतीक चिन्ह संस्था के दुपट्टे से किया गया। आभार मीटिंग में सर्वप्रथम अध्यक्ष गोयल ने समाज का विकास शिक्षा से संभव है बताकर, इस संस्था के समस्त सदस्यों पदाधिकारी, भामाशाह जिसमें ब्यावर, मारवाड़, जोधपुर, पाली, अहमदाबाद, बड़ौदा, बेंगलुरु, अजमेर, भीलवाड़ा के समस्त सहयोगी भामाशाहों का संस्था की ओर से आभार प्रकट किया गया। संरक्षक नारायण मेहडा ने सभी प्रतिभाओं, तन मन धन से समर्पित सभी समाज बंधुओ के समारोह को सफल बनाने में बनी समस्त समितियां स्वागत समिति, भोजन समिति , चाय समिति, डेकोरेशन समिति, टेंट समिति ,प्रतीक चिन्ह, साफा, शॉल फोटोठाफी, मंच संचालन समिति, अतिथि आमंत्रण समिति, माइक व्यवस्था सहित समस्त सहयोगी बंधुओ तथा समारोह में पधारे समस्त अतिथिगण, नवयुवक मंडल, जे बी आर, ग्रुप माता बहनों जिन्होंने भी सहयोग प्रदान किया उनका संस्था की ओर से आभार प्रकट किया गया।

युवा मामले और खेल मंत्रालय
भारत सरकार
राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024

25 अगस्त, 2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में, पुरस्कार के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ा दी गई है।
वेबसाइट- https://awards.gov.in/
विज्ञापन के अन्य सभी विवरण अपरिवर्तित रहेंगे
CBC 47107/11/0010/2526

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज)

क्रमांक / नपकि / विकास / 2025 / 1721 दिनांक 03.09.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 16/2025-2026

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 05.09.2025 को 09:00 एम से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 15.09.2025 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
यूबीएन नं. DLB2526A5444
आयुक्त
नगर परिषद, किशनगढ़
राज.संवाद / सी / 25 / 9404

श्री बांगड़ महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने विधानसभा का किया शैक्षिणक भ्रमण

डीडवाना। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर डीडवाना विधानसभा क्षेत्र की महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय विधायक श्री यूनुस खान की उपस्थिति में श्री बांगड महिला महाविद्यालय, डीडवाना की छात्राओं ने आज राजस्थान विधानसभा, जयपुर का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस शैक्षिणक यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, राज्य की राजनीति, इतिहास, संस्कृति और समाज से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। विधानसभा पहुँचने पर छात्राओं ने सदन की कार्यवाही का अवलोकन कर विधायी प्रक्रिया, प्रश्नकाल और बहस को देखा, जिससे उन्हें शासन व्यवस्था को समझने का अवसर मिला।

इस दौरान छात्राओं को माननीय विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कई स्थानीय विधायकों ने छात्राओं से संवाद कर शिक्षा और समाज में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान विधायक यूनुस खान स्वयं छात्राओं के साथ रहे तथा उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके पश्चात छात्राओं ने विधानसभा संठाहालय का दौरा कर राजस्थान के राजनीतिक इतिहास, सामाजिक आंदोलनों तथा राज्य के विकास की यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यहाँ प्रदर्शित दस्तावेज़ों और चित्रों ने छात्राओं को प्रदेश की ऐतिहासिक और राजनीतिक यात्रा को समझने में मदद की। संठाहालय भ्रमण के बाद छात्राओं ने शहीद स्मारक जाकर वीर शहीदों की शौर्य गाथाओं को जाना और श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में रामबाग स्थित ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल संठाहालय का दौरा कर छात्राओं ने स्थापत्य कला, संस्कृति, पुरावशेषों तथा राजस्थान की गौरवशाली विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की। यूनुस खान ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जिस पर समाज का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि जागरूक और शिक्षित छात्राएँ न केवल अपने परिवार और समाज को नई दिशा देती हैं, बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान करती हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आत्मविश्वास, परिश्रम और नेतृत्व की भावना से वे अपने लक्ष्य प्राप्त करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएँ। खान ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस शैक्षिणक भ्रमण को महाविद्यालय प्रशासन ने अत्यंत प्रेरक पहल बताया। छात्राओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, इतिहास, संस्कृति, शौर्य और समाज से संबंधित ज्ञान में विस्तार किया। विधायक, डीडवाना की ओर से इस अवसर पर सभी छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की गई।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांकःन.नि.अ/भवन/25-26/267 आपत्ति सूचना दिनांक: 8.9.25

श्री भगवानदास पुत्र श्री सुन्दरदास निवासी 1161 जे.पी. नगर नाका मदार, अजमेर एवं श्री शशि हासनानी पुत्र श्री ईश्वरलाल हासनानी निवासी एन-3 सागर विहार कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 8/280 पुराना 14/59 नया जो वाके तांगा स्टेण्ड के पास डिग्गी बाजार, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 16.76 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।

पूर्व : अन्य की सम्पति पश्चिम : गली रास्ता
उत्तर : अन्य की सम्पति दक्षिण : दक्षिण में गली रास्ता आम

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।
-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार असलम पुत्र मोहम्मद जमील निवासी मदरसा फैज ए आम के पास डीडवाना, जिला डीडवाना कुचामन ने किशनगढ़ एयरपोर्ट के पास स्थित खाता संख्या 01 के खसरा सं. 78/1/2 व नया खसरा संख्या 78/45 में आवासीय प्रयोजनार्थ विकसित कृषि भूखंड सं. 106 जिसका क्षेत्रफल 269.44 वर्ग गज है जो कि राजस्व ग्राम मदनगंज तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर में स्थित है, मेरे पक्षकार ने दिनांक 29/1/2020 को यह भूखंड विक्रेती अंजली यादव पत्नी विपुल यादव निवासी 29, डिफेंस कॉलोनी फॉयसागर रोड अजमेर राजस्थान से तथा उक्त विक्रेती ने उक्त भूखंड पूर्व विक्रेता धन सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह निवासी नवजीवन हॉस्पिटल के पीछे आदर्श नगर अजमेर से क्रय किया, जिसका विवरण निम्नलिखितानुसार है-1. क्रेता- धन सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह निवासी नवजीवन हॉस्पिटल के पीछे आदर्श नगर अजमेर की उप पंजीयक कार्यालय किशनगढ़ में हुई रजिस्ट्री दिनांक 18/9/2025 को पु.सं. 01 जिल्द सं. 738 में पृ.सं. 145 क्र.सं. 2015 00 4272 पर पंजीबद्ध की गई तथा अति. पु. सं. 01 जिल्द सं. 2232 के पृष्ठ सं. 417 से 426 पर चस्पा हुई मूल रजिस्ट्री कागजात। 2. क्रेती- अंजली यादव पत्नी विपुल यादव निवासी 29 डिफेंस कॉलोनी फॉयसागर रोड, अजमेर की उप पंजीयक कार्यालय किशनगढ़ में हुई रजिस्ट्री दिनांक 29/1/2016 को पु. सं. 01, जिल्द सं. 746 में पृ.सं. 114 क्र.सं. 2016 000407 पर पंजीबद्ध की गई तथा अति. पु. सं. 01 जिल्द सं. 2264 के पृष्ठ संख्या 119 से 127 पर चस्पा हुई मूल रजिस्ट्री कागजात। उक्त दोनों मूल रजिस्ट्रियां दस्तावेज मेरे पक्षकार से आवागमन अथवा शिफ्टिंग के दौरान कहीं गुम हो गई है तथा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रही है अतः इन्होंने ऑनलाइन एफ आई आर नंबर 2878 329/2025 दिनांक 28.8.2025 को दर्ज करवाई है, मेरे पक्षकार असलम का इस भूखंड पर पूर्ण रूप से मालिकाना हक आज दिवस तक चला आ रहा है तथा उक्त भूखंड इन्होंने न किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि के पास रहन, विक्रय, बख्शीश, वसीयत, दान आदि किया है, अतः मेरे उक्त पक्षकार उक्त भूखंड का संपूर्ण बेचान किसी इच्छुक क्रेता को करने जा रहा है अतः उक्त संबंध में असलम के मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे,अधिकार व मूल दस्तावेज बाबत पर किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में निम्नलिखित पते एवं मोबाइल नंबर पर लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी, अमान्य समझी जावेगी।
-फॉर लीगल सोल्यूशन, एडवोकेट नसीब चौबदार, बी-8, केशव टावर, बस स्टैंड के पास , डीडवाना मोबाइल न. 9414521177

विश्व प्रिय शास्त्री पार्क पोखर में तब्दील

भरतपुर (निस)। भरतपुर का सबसे बड़ा पार्क विश्व प्रिय शास्त्री पार्क पोखर में तब्दील हो चुका है। पार्क के गेट नं. 1 से लगभग 250 मीटर एरिया का ट्रेक जलमग्न है। पानी का निकास नहीं होने कारण मच्छर पनपने लगे है और साथ ही बदबू का सामना लोगों करना पड रहा है। डायमण्ड मॉर्निंग वार्कर क्लब के अध्यक्ष रामअवतार कोठारी ने बताया कि बीडीए द्वारा पार्क की ओर ध्यान नहीं होने की वजह से पार्क में घुमने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है, पार्क में पानी होने की वजह से न तो लोग सही तरीके से घुम सकते है और न ही योगा कर सकते है। पार्क में स्थित जोन जहां बच्चों के लिए झुल्ले आदि लगे हुए वहां पिछले एक महीने से पानी भरा हुआ है, जिसकी वजह से बच्चे बिना झूले मायूस होकर लौट रहे है।

भरतपुर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि 27 सितम्बर से शुरू होने वाले श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला के सफल आयोजन के लिए नगर निगम, बीडीए और पशुपालन विभाग अधिकारी परस्पर आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने बीडीए आयुक्त को आयोजन स्थल पर अस्थाई स्टॉल लगाने, ठोवल डालने एवं वर्षा जल निकासी के लिए आवष्यक दिषा-निर्देश प्रदान किये। जसवंत प्रदर्षनी संदर्भ में आने वाली समस्याओं को समय पर ही एडीएम प्रषासन को अवगत करायें जिससे शीघ्र निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि षिक्षा एवं आईसीडीएस अधिकारी अपने बरसात से क्षितठास्त, लीकेज, जर्जर विद्यालयों, आंगनबाडी केंद्रों की स्थिति जांच कर सूची 3 दिवस में भेजें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अतिवृष्टि से क्षितठास्त परिसंम्पत्तियों की सूची प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भेजें ताकि आवश्यक बजट आवंटन करवाकर उनकी मम्मरत करवाई जा सके।उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय कार्यालयों में सभी तरह के कार्य ई-फाईलिंग के जरिए ही सम्पादित किए जाएं, सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें की कोई भी कार्य ऑफलाइन संपादित नहीं हो।

उन्होंने विभागवार राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले परिवादों का समयावधि से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक समस्या का अध्ययन कर परिवादी को वास्तविक रूप से समस्या निराकरण के साथ जबाव भिजवाया जाए। उन्होंने 30 दिवस से अधिक लम्बित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

एल.आई.सी. में धूमधाम से मनाया गया बीमा सप्ताह

■ इसी कड़ी में निगम ने हाल ही में एल आई सी कस्टमर ऐप शुरू किया है, जिससे ग्राहकों को घर बैठे सभी सेवाएं मिल सकेगी

अजमेर (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम का बीमा सप्ताह 01 से 8 सितंबर तक बड़ी ही धूमधाम और हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। बीमा सप्ताह के तहत कार्मिकों के लिए प्रतिदिन योग शिविर, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता, महिला कार्मिकों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, ग्राहक संगोष्ठी,सेवानिवृत कार्मिकों का सम्मान जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

वरिष्ठ मंडल प्रबंधक पी एन मीना ने बताया की निगम अपने पॉलिसी धारकों के विश्वास पर सदैव ही खरा उतरा है तथा आगे भी निगम अपनी सेवाओं में समय की मांग के अनुसार डिजिटल परिवर्तन की प्रक्रिया की और अग्रसर है इसी कड़ी में निगम ने हाल ही में एल आई सी कस्टमर ऐप शुरू किया है, जिससे ग्राहकों को घर बैठे सभी सेवाएं मिल सकेगी। केंद्रीय सरकार ने एल आई सी प्रीमियम पर जी एस टी हटाने का जो निर्णय लिया है उससे ग्राहकों को तो फायदा होगा ही साथ ही साथ निगम अपने लक्ष्य 'सभी के लिए बीमा' को भी पाने में सफल होगा। बीमा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली में प्रतिभा राठौड़, मीनाक्षी कुमावत प्रथम, शिल्पी जैन, सोनाक्षी चौहान द्वितीय तथा प्रीति कपूर, हेमलता खिलानी, रेखा गुसर, कल्पना देवी तृतीय, निबंध में पुनीत शर्मा प्रथम, विवेकराज मेहरा द्वितीय तथा प्रतिभा शर्मा तृतीय स्थान पर स्लोगन में सपना बालानी प्रथम, पुनीत शर्मा द्वितीय तथा तुलसी नानवानी तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओ को मीना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर खेमराज मीणा, लक्ष्मण कोटाई तथा अन्य सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर बांध के किनारे रखे

भरतपुर (निस)। अजान बांध का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। वर्तमान में बांध का गेज लगभग 10 फीट है, जबकि इसकी अधिकतम सीमा 14 फीट है। जिला प्रशासन को सूचना मिली कि अजान बांध में पानी का रिसाव हो रहा है. जिसके चलते जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बांध का निरीक्षण किया.जिसमें पानी के रिसाव की पुष्टि नहीं हुई। फिर भी, प्रशासन ने एहतियात के तौर पर 500 से अधिक प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर बांध के किनारे रख दी है, ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछली वर्ष इसमें 12 फीट तक पानी पहुंच गया था। इस बांध की खासियत रही है कि अब तक यह ओवरफ्लो नहीं हुआ है और ना ही इसका कभी रिसाव हुआ है।

कार्यालय ग्राम पंचायत झिरोता पंचायत समिति अंराई, जिला अजमेर

क्रमांक : ग्रा.पं.झिरोता/निविदा/2025-26/36 दिनांक : 04/9/2025
खुली निविदा सूचना-04/2025-26

ग्राम पंचायत झिरोता वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत झिरोता में खेल मैदानों का विकास एवं ओपन जिम स्थापना कार्य हेतु Original Equipment Manufacturer/Authorised Delar/Sub-Delar पंजीकृत फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है-
विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO- ZAJ2526A1103 UBN NO- ZAJ2526GSOB01185

प्रशासक, ग्राम पंचायत झिरोता, पं.स. अंराई(अजमेर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत झिरोता, पं.स. अंराई(अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत आकोड़िया पंचायत समिति अंराई, जिला अजमेर

क्रमांक : ग्रा.पं.आकोड़िया/निविदा/2025-26/46 दिनांक : 04/9/2025
खुली निविदा सूचना-03/2025-26

ग्राम पंचायत आकोड़िया वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत आकोड़िया में खेल मैदानों का विकास एवं ओपन जिम स्थापना कार्य हेतु Original Equipment Manufacturer/Authorised Delar/Sub-Delar पंजीकृत फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है-
विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO- ZAJ2526A1118 UBN NO- ZAJ2526GSOB01200

प्रशासक, ग्राम पंचायत आकोड़िया, पं.स. अंराई(अजमेर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत आकोड़िया, पं.स. अंराई(अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत समिति अंराई, जिला अजमेर

क्रमांक : ग्रा.पं.भोगादीत/निविदा/2025-26/33 दिनांक : 04/9/2025
खुली निविदा सूचना-03/2025-26

ग्राम पंचायत भोगादीत वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत भोगादीत में खेल मैदानों का विकास एवं ओपन जिम स्थापना कार्य हेतु Original Equipment Manufacturer/Authorised Delar/Sub-Delar पंजीकृत फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है-
विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO- ZAJ2526A1111 UBN NO- ZAJ2526GSOB01193

प्रशासक, ग्राम पंचायत भोगादीत, पं.स. अंराई(अजमेर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भोगादीत, पं.स. अंराई(अजमेर)